# ग्राम पंचायत पपाहन, विकास खण्ड फतेहपुर जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176023 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. (क)प्रस्तावना

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओ के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत पपाहन, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री नितिश कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नीलम कुमारी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमित कुमार | 01.04.2022 से 21.03.2023 |
| 2 | श्री सुशील कुमार | 22.03.2022 से 31.03.2024 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अश्वनी कुमार | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत पपाहन के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना | 0.63 |
| 2 | 4.2 | बचत बैंक खाते में शेष राशि का रोकड़ बही में लेखांकन न करना | 0.11 |
| 3 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 7.45 |
| 4 | 6.1 | पंचायत राजस्व/सम्पत्तिकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.32 |
| 5 | 6.2 व 6.3 | विवाह पंजीकरण शुल्क का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.03 |
| 6 | 7.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 2.42 |
| 7 | 7.2 व 7.3 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना एवं नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख के अभाव में अनियमित भुगतान करना | 0.56<br>1.70 |
| 8 | 8.1 | निर्माण कार्यो के लिये सामग्री खरीद हेतु अधिक/अनियमित भुगतान करना | 0.26 |
| 9 | 8.2 | मनरेगा अनुदान के अंतर्गत सामग्री खरीद हेतु निर्धारित अनुपात से अधिक भुगतान करना | 0.65 |
| 10 | 9 | माप पुस्तिकाओं को अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 0.36 |

## भाग–दो

## 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

ग्राम पंचायत पपाहन के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 10.07.2024 से

23.07.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानों की हस्तगत रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022–23 | 03/2023 | 01/2023 |
| 2023–24 | 02/2024 | 06/2023 |

**अस्वीकरणः–वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः–**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4800/– आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/312 दिनांक 23.07.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि काँगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक चलवाडा के मल्टीसिटी चैक संख्या 659148 दिनांक 26.07.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2024/296 दिनांकः—10.07.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्व—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 107743.50 | 330294.00 | 438037.50 | 314951.00 | 123086.50 |
| 2023-24 | 123086.50 | 363545.00 | 486631.50 | 410607.00 | 76024.50 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1073636.75 | 4410761.80 | 5484398.55 | 3879329.55 | 1605069.00 |
| 2023-24 | 1605069.00 | 1863932.00 | 3469001.00 | 2723902.00 | 745099.00 |

**कुल योग (1+2) 76024.50+745099=821123.50**

**(ख). बैंक समाधान विवरणीः—**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति के अंतशेष ₹8,21,123.50 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट—3"** के अनुसार अन्तशेष ₹7,57,820.50 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः—

| | बैंक खातों की विवरणीः– | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र | विवरण | बैक | खाता | अन्त शेष (₹) |
| 1 | स्वःस्त्रोत / तीसरा वित / सी. डी.पी.ओ | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 20165026828 | 35560.50 |
| 2 | टी.एस.सी | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50054930203 | 0 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई / एस.डी.पी | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50054930101 | 480008 |
| 4 | जेड.पी | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50054930054 | 0 |
| 5 | पी.एस | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50054930087 | 0 |
| 6 | एम.पी.लेड. | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50054930112 | 257 |
| 7 | 14वॉं वित्तायोग | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50062990978 | 0 |
| 8 | 15वॉंवित्त / पी.एस / जेड.पी | का•के•सह•बैंक चलवाडा | 50071868563 | 241347 |
| | हस्तगत शेष | | | 648 |
| बैंक खातों व हस्तगत षेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योगः– | | | | ₹757820.50 |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेषः– | | | | ₹821123.50 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः– | | | | ₹757820.50 |
| अन्तरः– | | | | ₹63303 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अन्तशेष में राशि ₹0.63 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जानाः–**

ANNUAL REPORT

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत पपाहन द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹63,303/- का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था, जिसका विस्तृत ब्यौरा

पैरा–4 में दिया गया है। फलस्वरूप पंचायत के लेखें सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते हैं एवं इस राशि के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी अंकेक्षण में इन्कार नहीं किया जा सकता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/302 दिनांकः–19.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–03 दिनांकः– 23.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अन्तर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करते हुये बैंक एंव रोकड़ बही का मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) खाता–क व खाता–ख का नियमानुसार रख–रखाव न रखनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनो के लिये आबंटित निधियां और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत पपाहन द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग–अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानो जैसे कि तीसरा वित,

सी.डी.पी.ओ इत्यादि की सयुंक्त हस्तगत रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वः स्त्रोत, तीसरा वित व सी.डी.पी.ओ आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशों के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20165026828 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है, जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इन्कार नही किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/311 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा दिया गया उत्तर कि खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा, निमानुकूल न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण सन्तोषजनक नहीं है।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही एवं बैंक खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही एवं बैंक खातों का स्कीमवार का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 4.2 बचत बैंक खाते में जमा ₹0.11 लाख की राशि का रोकड़ बही में लेखाँकन न करनाः–

ANNUAL REPORT

प्रस्तुत अभिलेख के अंकेक्षण में पाया गया कि भारतीय स्टेट बैंक फतेहपुर के बचत खाता संख्या 11690387668 जिसमें दिनाँक 31.03.2020 तक ही प्रविष्टियां पाई गईं, में दर्शाई गई ₹10961/– की राशि जमा थी, का लेखाँकन किसी भी रोकड़ बही में दर्ज नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त दिनांक 31–03–2024 तक उक्त खाते में कितनी राशि जमा थी, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई तथा पंचायत की रोकड़ बहियों में भी निधि का वास्तविक शेष नहीं दर्शाया गया था, जो कि लेखांकन के मूल सिद्धांतों की अवहेलना है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/311 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया। जिसके प्रत्युत्तर

में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या–03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा सूचित किया है कि इस पुराने बैंक बचत खाते में केवल ब्याज की राशि ही जमा थी तथा इस खाते को अद्यतन (Update) करवाने पश्चात इस राशि को नियमानुसार पंचायत निधि के बैंक खाता में जमा करके लेखाँकित कर लिया जायेगा।

अतः अब इस अनियमितता बारे नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई करते हुए इस राशि का यथोचित लेखाँकन सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 5.1 अनुदान राशि ₹7.45 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

ANNUAL REPORT

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/296 दिनांकः–10.07.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹7,45,099/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क.स. | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | वी.के.वी..एन.वाई/एस.डी.पी | 31.03.2024 | 503495 |
| 2. | एम.पी.लेड. | 31.03.2024 | 257 |
| 3 | 15वाँवित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 241347 |
| | | **कुल जोड** | **745099** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/303 दिनांक–

19.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करना :–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अतः भविष्य में नियमो के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरान्त अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

## 6.1 सम्पति कर/गृहकर ₹0.32 लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

ANNUAL REPORT

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/296 दिनांकः–10.07.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट ''4''** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹31875/–** की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर राशि का बिना पर्याप्त कारणो के बिना वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया ,जिसके अभाव में **परिशिष्ट ''4''** पर दर्शाए गए दिनांक 01.04.2022 को अथशेष व दिनांक 31.03.2024 को सम्पति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पूर्ण पुष्टि नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/304 दिनांकः–19.07.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के अपने कार्यालय पत्र संख्याः– 03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए तथा सम्पति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को तैयार करना सुनिश्चित करके सुधारात्मक कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.2 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹0.03 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

ANNUAL REPORT

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद 90 दिनों के भीतर ₹400 (सामान्य श्रेणी) से व ₹50 आई.आर.डी.पी / बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि प्रस्तुत **परिशिष्ट ''5''** पर संलग्न सूचना के अनुसार 16 विवाह पंजीकृत किये गये थे, जिस हेतु ₹200 / 400 की दर से कोई राशि नहीं वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹3200 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थे।

उक्त कम प्राप्ति का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 304 दिनांकः–19.07.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत पपाहन के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली करने उपरान्त सरकारी कोष में जमा करवा दी जायेगी।

अतः उक्त देय राशि की अविलम्ब प्राप्ति सुनिश्चित करते हुये सरकारी कोष में जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए तथा कृत अपेक्षित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

ANNUAL REPORT

## 6.3 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.03 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित

दर से प्राप्त करने उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता सख्या ''0070–60–108–01'' में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न तालिका व संलग्न **परिशिष्ट ''6''** के अनुसार ग्राम पंचायत पपाहन द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्ति राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया था:–

| **क्र0सं0** | **वित्तीय स्थिति** | **विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त गई राशि** |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 1400 |
| 2 | 2023–24 | 1800 |
| | **जोड** | **3200** |

उक्त विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/304 दिनांकः–19.07.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत पपाहन के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

### 7.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹2.42 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः—

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67, 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत पपाहन के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट—"7"** में दिए गए विवरणानुसार ₹2,42,622/— का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/306 दिनांकः—22.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः— 03 दिनांकः—23.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये इस को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

ANNUAL REPORT

### 7.2 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹0.56 लाख की राजस्व हानि एवं समय—2 पर जारी निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित न करने के फलस्वरूप लाखों रूपये के अनियमित भुगतानः—

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व

माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD & PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अन्तर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं (Contractors/tendors) से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा उन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फार्म "X" या " W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–''8''** पर संलग्न चुनिंदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को चुनिंदा मासों के दौरान ₹56691/– का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है एवं पूर्वोक्त नियम प्रावधानों एवं समय–2 पर जारी आदेशों एवं निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना है, जिससे स्पष्ट है कि अंकेक्षण अवधि में किये गये समस्त भुगतान अनियमित है।

इस अनियमितता में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/307 दिनांकः–22.07.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– 03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि निर्माण कार्यों हेतु गत समय में क्रय की गई सामग्री रेत, बजरी, बोल्डर से सम्बन्धित एम फॉर्म को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा उक्त सामग्री से रॉयल्टी की राशि की वसूली भी नहीं की गई है। अंकेक्षणापतिनुसार उक्त रॉयल्टी की राशि की वसूली सम्बन्धित संविदाकार/व्यक्ति से कर ली जायेगी। प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान

रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात किया जाना अपेक्षित था तथा उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्राजिंट पास "X" या " W" प्राप्ति उपरान्त ही किये जाने थें।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमाविरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानों को उनके पूर्ण विवरण सहित या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा किसी संशय की स्थिति में इस प्रकरण को सम्बन्धित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा अंकेक्षण अवधि के दौरान किये गये समस्त अनियमित भुगतानों के विस्तृत/पूर्ण विवरण सहित इन्हें सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 7.3 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतू ₹1.70 लाख के अनियमित भुगतान बारेः–

सचिव (RD&PR) हि० प्र० सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण सामग्री के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि० प्र० सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न हीं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction. अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, फलस्वरूप किया गया भुगतान अनियमित प्रतीत होता है, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है।

ANNUAL REPORT

| क. | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | मास | विवरण | मात्रा | राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15TH FC | 68/30.01.2023 | 01/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s AP Tiles Harnota Jawaki Bill No 107 dt.-24.01.2023 | 1280 | 20480 |
| 2 | 15TH FC | 69/30.01.2023 | 01/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s AP Tiles Harnota Jawaki Bill No 109 dt.-24.01.2023 | 4096 | 65539 |
| 3 | 15TH FC | 70/30.01.2023 | 01/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s AP Tiles Harnota Jawaki Bill No 108 dt.-24.01.2023 | 1650 | 26401 |
| 4 | SDP | 54/30.01.2023 | 01/2023 | 60mm(Paver Block) from M/s AP Tiles Harnota Jawaki Bill No 110 dt.-24.01.2023 | 3600 | 57603 |
| | | | | | योग | 170023 |

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/308 दिनांकः–22.07.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव द्वारा पत्र संख्याः– 03 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त अनियमित व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये उक्त व्यय को सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें।

## 8.1 विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.26 लाख का अधिक/अनियमित भुगतान करना :-

1. निर्माण रास्ता मेन रास्ते से परस राम के घर तक वार्ड–4 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 14060 के पृष्ठ संख्या 53 व 54 में निर्माण सामग्री टाईलस पेवर ब्लॉक्स का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 108 दिनांक 24.01.2023 के

ANNUAL REPORT

अनुसार निर्माण सामग्री टाईलस पेवर ब्लॉक्स 1650 का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण ₹11504 का अधिक भुगतान किया गया था:–

2. निर्माण रास्ता रोड से सुखविन्द्र सिंह के घर तक वार्ड–2 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 14060 के पृष्ठ संख्या 61 व 62 में निर्माण सामग्री टाईलस पेवर ब्लॉक्स का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 110 दिनांक 24.01.2023 के अनुसार निर्माण सामग्री टाईलस पेवर ब्लॉक्स 3600 का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण ₹9776 का अधिक भुगतान किया गया था:–

3. निर्माण सुरक्षा दीवार भूमि कटाव को रोकने हेतु तलाब के किनारे वार्ड–3 की रिकार्ड प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार माप पुस्तिका संख्या 14060 के पृष्ठ संख्या 45 में निर्माण सामग्री रेत का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 005 दिनांक 28.03.2023 के अनुसार निर्माण सामग्री रेत 39m3 (क्रैशर व लोकल) का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खप्त दर्शाने/जारी करने के कारण ₹4500/– का अधिक भुगतान किया गया था:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15वां वित | पेवर ब्लॉक्स | 1650 | 931 | 719 | 16 | 11504 |
| 2. | एस.डी.पी | पेवर ब्लॉक्स | 3600 | 2989 | 611 | 16 | 9776 |
| 3. | मनरेगा | रेत | क्रैशर–25m3<br>लोकल–14m3 | 36m3 | 3m3 | 1500 | 4500 |
| | | | | | कुल जोड | | 25780 |

**वास्तविक खप्त योग्य सामग्री का विवरण :–**

1. Item-3 Second Class dry brick flooring including filling joint with sand 60mm =28.2m2X 33(Tiles Factor) =**930.6 or say 931 Tiles**

2.Item-3 Second Class dry brick flooring including filling joint with sand 60mm =90.57m2X 33(Tiles Factor) =**2988.81 or say 2989 Tiles** 3.Item-4 P/L(1:5:10) =73.5m3X 0.47(Sand. Factor) +5%(Variations) =**36.27m3 or say 36m3**

इन अनियमितताओं बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/309 दिनांकः–23.07.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्यः–03 दिनांक 23.07.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली संबंधित व्यक्ति/संविदाकार से करने उपरान्त सम्बन्धित खाते में जमा करवा दी जाएगी। प्रस्तुत प्रतिउतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अनियमित/अधिक भुगतान की गई राशि बारे नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके सम्बन्धित खाते में जमा करवाना सुनिश्चित की जाये व कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

ANNUAL REPORT

## 8.2 मनरेगा अनुदान के अंतर्गत व्यक्तिगत लाभार्थियों की जमीन पर कार्य करवाने के लिये सामग्री खरीद हेतु निर्धारित अनुपात अनुसार व्यय न करके ₹0.65 लाख का अधिक भुगतान करनाः–

ग्रामीण विकास विभाग के पत्र संख्या– SMS-1/2021-22-RDD-Implementation-MGNREGA- 5684-5808 , Dated:-25-05-2022 के अनुसार The amount of component which is to be reimbursed in the account of individual beneficiaries shall be restricted to the maximum of 40% of the actual total cost of the work by applying the following formula:-Actual unskilled labour cost X 2/3= material cost के अनुसार भुगतान किया किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार करवाये गये कार्यों में उक्त नियमानुार भुगतान न करके ₹65647 का अधिक भुगतान किया गया थाः–

